# साधु वासवानी स्वशासी महाविद्यालय
## संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़), भोपाल–462030 (म0प्र0)
## स्वशासी योजना के अंतर्गत् अकादमिक परिषद् की बैठक

सप्तम् बैठक(शैक्षणिक सत्र 2022–23)
दिनांक 09 / 12 / 2022

समयः पूर्वान्ह 11:30 बजे
स्थानः कान्फ्रेन्स हॉल

### कार्यवृत्त

दिनांक 09 / 12 / 2022 को पूर्वान्ह 11:30 बजे महाविद्यालय में स्वशासी योजना के अंतर्गत अकादमिक परिषद् की बैठक माननीय प्रभारी प्राचार्य डॉ0 मधुलिका सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सदस्यों की उपस्थिति निम्नानुसार रही :–

I. अध्यक्षः–

प्रभारी प्राचार्य डॉ0 मधुलिका सिंह

II. बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा नामित सदस्यः–

1. प्रो. नीरज गौर, यू टी डी, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

III. महाविद्यालय के बाहर से आमंत्रित सदस्यः–

1. डॉ गोपी बजाज (चिकित्सा)
2. डॉ अनिल शेवानी (शिक्षाविद्)
3. श्री प्रदीप जसूजा (अभियांत्रिकी)

IV. साधु वासवानी एजुकेशनल सोसायटी के प्रतिनिधि (विशेष आमंत्रित सदस्य):–

श्री राजेन्द्र मनवानी, महासचिव

V. प्राचार्य द्वारा नामित सचिव सदस्यः–

डॉ. अर्चना सिंह (सहायक प्राध्यापक, रसायन शास्त्र)

VI. प्राचार्य द्वारा नामित महाविद्यालय के प्राध्यापकः–

1. डॉ. बी. डी. पाण्डेय, प्राध्यापक, वाणिज्य
2. श्रीमती नेहा संतानी, सहायक प्राध्यापक, गणित
3. डॉ. अनुपम सेलट, सहायक प्राध्यापक, भौतिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स

VII. विभिन्न विषयों के विभागाध्यक्षः–

1. डॉ. मीना मोटवानी (समाज शास्त्र)
2. डॉ डी.के.दुबे (प्रबंधन)
3. डॉ. ए. एल. नारवानी (वाणिज्य)
4. डॉ. साधना तामोट (प्राणीशास्त्र)
5. डॉ. मधुलिका सिंह (वनस्पति शास्त्र, जैव प्रौद्योगिकी, सूक्ष्म जैविकी)
6. श्री मनोज सोलंकी (गणित)
7. डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव (कम्प्यूटर साइंस एवं एप्लीकेशन)
8. डॉ. मणि शुगानी (भौतिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स)
9. श्रीमती भारती खियानी (अर्थशास्त्र)
10. डॅा. रेणू रावत (हिन्दी)
11. श्रीमती आरती माखीजानी (अंग्रेजी)
12. श्रीमती ममता चौबे (फैशन डिजाइनिंग)
13. श्रीमती लता लालवानी(राजनीति शास्त्र)

बैठक में निम्न बिन्दुओं पर चर्चा उपरान्त निम्न निर्णय लिए गयेः–

**बिन्दु क्रमांक 1. :– महाविद्यालय द्वारा सत्र 2021–22 की अकादमिक परिषद् की बैठक में लिए गए निर्णयों के कियान्वयन संबंधी।**

सत्र 2021–22 की अकादमिक परिषद् की बैठक में लिये गये निर्णयों के संबंध में प्रभारी प्राचार्य डॉ0 मधुलिका सिंह द्वारा जानकारी दी गई कि महविद्यालय के शैक्षणिक प्लानर के अनुसार ही सभी शैक्षणिक एवं शैक्षणेत्तर गतिविधियॉ संपन्न हुई। दिनांक 12.04.2022 को संपन्न हुई अकादमिक परिषद् की छठी बैठक के कार्यवृत्त का वाचन कर उसके कियान्वयन संबंधी जानकारी अनुमोदन हेतु प्रस्तुत की गई जिसे सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। सत्र 2022–23 के लिए प्रस्तुत अकादमिक कैलेन्डर का भी सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

**बिन्दु क्रमांक 2. :– सत्र 2022–23 में स्नातक स्तर पर वार्षिक प्रणाली के अन्तर्गत प्रथम एवं द्वितीय वर्ष हेतु नई शिक्षा नीति ( एनईपी 2020) के अंतर्गत विभिन्न विषयों आधार पाठ्यक्रम, वनस्पति शास्त्र, सूक्ष्म–जीवविज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, रसायन शास्त्र, औद्योगिक रसायन शास्त्र, प्राणी शास्त्र, क्लीनिकल न्यूट्रीशन एवं डायटेटिक्स, गणित, कम्प्यूटर साइंस एवं एप्लीकेशन, भौतिक शास्त्र, इलेक्ट्रॉनिक्स, प्रबंधन (BBA), वाणिज्य, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, हिन्दी, समाज शास्त्र, राजनीतिक शास्त्र के कोर कोर्स (मुख्य/ गौण/ वैकल्पिक), वोकेशनल विषयों के अध्ययन मंडलों द्वारा अनुशंसित पाठ्यक्रमों का अनुमोदन।**

यथा प्रस्ताव अनुमोदित।

**बिन्दु क्रमांक 3. :– सत्र 2022–23 में स्नातक स्तर पर वार्षिक प्रणाली के अन्तर्गत तृतीय वर्ष के विषयों आधार पाठ्यक्रम, वनस्पति शास्त्र, सूक्ष्म–जीवविज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, रसायन शास्त्र, औद्योगिक रसायन शास्त्र, प्राणी शास्त्र, गणित, कम्प्यूटर साइंस एवं एप्लीकेशन, प्रबंधन (BBA), वाणिज्य, भौतिक शास्त्र, इलेक्ट्रॉनिक्स, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, हिन्दी, समाज शास्त्र एवं राजनीतिक शास्त्र के अध्ययन मंडलों द्वारा अनुशंसित पाठ्यक्रमों, जो कि उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन/बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा अनुमोदित हैं को समान रूप से महाविद्यालय में लागू करने हेतु अनुमोदन।**

यथा प्रस्ताव अनुमोदित।

**बिन्दु क्रमांक 4. :– सत्र 2022–23 में स्नातकोत्तर स्तर पर सेमेस्टर प्रणाली के अंतर्गत वाणिज्य, हिन्दी, गणित, रसायन शास्त्र, कम्प्यूटर साइंस, जैव प्रौद्योगिकी तथा भौतिक शास्त्र विषयों के अध्ययन मंडलों द्वारा अनुशंसित पाठ्यक्रमों का अनुमोदन।**

यथा प्रस्ताव अनुमोदित।

**बिन्दु क्रमांक 5. :– स्वशासी योजना के अन्तर्गत महाविद्यालय में सेमेस्टर एवं वार्षिक प्रणाली हेतु अनुमोदित परीक्षा नियमों में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा समय–समय पर जारी किये जाने वाले संशोधन यथावत् लागू करने हेतु अनुशंसा।**

यथा प्रस्ताव अनुमोदित।

**बिन्दु क्रमांक 6.:– अकादमिक विषयों पर सुझाव एवं अनुशंसा।**

विभिन्न सदस्यों द्वारा दिये गए सुझाव–

1. स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में सी.बी.सी.एस. प्रणाली लागू करने का सुझाव।
2. बी.ए. मनोविज्ञान पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने का सुझाव।
3. एम ए सामाजिक विज्ञान/एम एस डब्लू पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने का प्रस्ताव।
4. तनाव प्रबन्धन में सर्टिफिकेट/डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने का प्रस्ताव।

उपरोक्त सुझावों को यथा सम्भव लागू करने का आश्वासन प्रभारी प्राचार्य/अध्यक्ष द्वारा दिया गया।

**बिन्दु कमांक 7 :– माननीय अध्यक्ष की अनुमति से अन्य प्रस्ताव।**

1. महाविद्यालय में दिनांक 22–23 दिसम्बर 2022 को प्रस्तावित नैक पियर टीम के विज़िट से सम्बन्धित तैयारियों की समीक्षा की गई।
2. विषयवार सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत करने हेतु नीति एवं नियमों के माध्यम से इस योजना को कियान्वित करने का प्रस्ताव ।
3. योग विज्ञान में सर्टिफिकेट / डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने का प्रस्ताव ।

उपरोक्त सुझावों को सभी सदस्यों द्वारा मान्य किया गया एवं यथा सम्भव लागू करने का आश्वासन प्रभारी प्राचार्य / अध्यक्ष महोदया द्वारा दिया गया।

बैठक के अंत में स्वशासी प्रकोष्ठ के नियंत्रक डॉ बी.डी.पाण्डेय द्वारा अकादमिक परिषद् की बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया।

MSingh
प्रभारी प्राचार्य

PRINCIPAL
Sadhu Vaswani Autonomous College
SANT HIRDARAM NAGAR
BHOPAL-462030